# CENTRE OF EXCELLENCE

## GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI,

## SHIMLA-06

## {NATIONAL SERVICE SCHEME}

*A Report on*

# District level Pre RDC selection camp

*Dated- 27-9-2022*

दिनांक :- 27 सितंबर 2022

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में आज जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर में शिमला जिला के कुल नौ महाविद्यालयों उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली, राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला, राजकीय महाविद्यालय चौड़ा मैदान, ठियोग, नेरवा, धामी ,सरस्वती नगर , सीमा ( रोहडू ) और डीएवी कोटखाई से 32 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। जिसमें संजौली महाविद्यालय से अवंतिका पामटा, हर्ष ठाकुर  और गुरुदेव,  राजकीय महाविद्यालय सीमा रोहडू से ममता कुमारी, शिवानी और अभिषेक, राजकीय महाविद्यालय धामी से किरण ,राजकीय महाविद्यालय नेरवा से अर्चना कुमारी और रोहन हेज़टा तथा राजकीय महाविद्यालय ठियोग से लक्षित शर्मा राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए चयनित हुए हैं

इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर से तान्या और महाविद्यालय संजौली श्रीनिवास शर्मा को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

परेड के निर्णायक डॉक्टर पूनम वर्मा रहे जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम और साक्षात्कार में डॉक्टर कामायनी बिष्ट श्रीमती सपना वर्मा और श्री विशाल रांगटा जी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

शिविर के संचालन में एनएसएस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता स्वयंसेवी नीरज शर्मा और स्वयंसेवी ललित कुमार डोगरा, वरिष्ठ स्वयंसेवी सुधांशु ठाकुर और कपिल देव विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जिला नोडल अधिकारी डॉ विकास नाथन जी ने बताया कि सभी स्वयंसेवकों का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा 10 चयनित स्वयं सेवकों को राज्य स्तरीय चयन शिविर के लिए शुभकामनाएं दी।

संजौली महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ चंद्रभान मेहता जी ने सभी स्वयंसेवकों को शुभाशीष दिया तथा भविष्य में भी अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

Reported By – Phul Chand (BA1)